**भरतपुर, राजस्थान में 'खेलो इंडिया' खेल महोत्सव में माननीय अध्यक्ष का संबोधन**

------

'खेलो इंडिया' खेल महोत्सव में हमारे बीच भरतपुर लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रंजीता कोली जी, मंच पर विराजे सभी अतिथिगण, भाइयो-बहनो व हमारे साथियो, मैं आपकी टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने गांव के दूर-दराज के उन खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी योग्यता को अवसर देने का एक महत्वपूर्ण कार्य किया।

आज भारत खेलों में लगातार आगे बढ़ रहा है। खेलों में चाहे ओलम्पिक हो, पैरा ओलम्पिक हो, आने वाले समय में भारत खेलों में नेतृत्व करे। हमारे नौजवान, जो सामर्थ्यवान हैं, उनमें आत्मविश्वास है, जुनून है और सफलता-असफलता के बीच लगातार संघर्ष करते हुए उनमें जीत की ओर बढ़ने का लक्ष्य है। जो खिलाड़ी होता है, वह देशभक्त, राष्ट्रभक्त नौजवान होता है। उसमें सामर्थ्य होता है। वह लड़ता रहता है, जूझता है, गिरता है, लेकिन एक दिन अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। इसलिए नौजवानों में वह क्षमता है।

जिस देश के खिलाड़ी सामर्थ्यवान होंगे, जिस देश में खिलाड़ियों के पास योग्यता होगी, वह देश निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा। दुनिया में इस परिवर्तन के दौर में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हमारे नौजवानों की ऊर्जा, उनका सामर्थ्य, उनकी शक्ति, उनका प्रदर्शन आने वाले समय में भारत का नाम रोशन करेगा, देश के तिरंगे को लहराएगा।

भरतपुर लौह पुरुष की धरती है, महाराजा सूरजमल जी की धरती है, वीरता और शौर्य की धरती है। पुराने समय से भरतपुर के गांव-गांव में खेल, कुश्ती होती रही है और यहां के पहलवान तो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी योग्यता को दिखाते आए हैं। इसलिए, भरतपुर खेलों में हमेशा आगे रहा है, हर खेल में आगे रहा है। आज भी भरतपुर का नौजवान, जो दूर-दराज के गांव में रहता है, वह भी एक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में खेलों में भाग लेता है। देश की किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में वह अपने सामर्थ्य, बौद्धिक क्षमता और अपने खेल के कारण आगे रहता है।

मैं पुन: आप सभी को बहुत-बहुत साधुवाद देता हूं, बधाई देता हूं। यह एक सराहनीय प्रयास है। हमें और प्रयास करना चाहिए। दूर-दराज के गांवों में जो प्रतिभा छिपी हुई है, उन प्रतिभाओं को इस प्रतियोगिता के माध्यम से उन्हें एक प्लेटफॉर्म देने की आवश्यकता है। भरतपुर खेलों के अन्दर आगे रहा है और मुझे आशा है कि आने वाले समय में भरतपुर और आगे रहेगा।

आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।